# प्रेस नोट थाना खुदागंज
# जनपद शाहजहाँपुर

**सहारनीय कार्य 21.05.25**

## “थाना खुदागंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 122/25 मे वांछित चल रहे दो अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार”

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक खुदागंज के नेतृत्व में थाना खुदागंज पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 18.05.25 को वादी श्री विशाल मौर्या पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम रामपुर नवदिया थाना खुदागंज जिला शाहजहाँपुर द्वारा एक किता तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1.किशुनलाल पुत्र प्रेमराज 2.अतुल 3.हेमराज 4.अमरपाल 5.आनन्द पुत्रगण किशुनलाल सर्व निवासीगण ग्राम रामपुर नवदिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दिनांक 18.05.25 को समय 20.30 बजे घर के सामने पडी खाना बनाने के लिये जलाने वाली लकडियो को हटाने को लेकर वादी के पिता ओमप्रकाश मौर्य उम्र करीब 65 वर्ष के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डण्डो से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने जिससे वादी के पिता के गम्भीर रूप से जख्मी होने तथा बेहोश हो जाने के सम्बन्ध मे दाखिल की गयी। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 122/2025 धारा 110/115(2)/351(3)/191(2) बीएनएसएस पंजीकृत कराया गया था। दौराने इलाज वादी के पिता की मृत्यु हो जाने के कारण विवेचना में धारा 110 बीएनएस का लोप कर धारा 105 बीएनएस की बढोतरी की गई। मुकदमे में वांछित अभियुक्तगणो की लगातार तलाश जारी थी जिसके क्रम मे मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 21.05.25 को समय 07.33 बजे कमलापुर पुलिया से करीब 60 कदम कटरा की ओर अभियुक्तगण 1.अतुल मौर्या पुत्र किशनलाल 2. अमरपाल मौर्या पुत्र किशनलाल निवासी गण ग्राम रामपुर नवदिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्तगण द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित घटना मे प्रयोग मे लाये गये डण्डो को अभियुक्तगण की निशादेही पर गांव से आगे म्यूना जाने वाली नहर के किनारे पर झाड़ियो से बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अतुल पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम रामपुर नवदिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर
2. अमरपाल पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम रामपुर नवदिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 -122/2025 धारा 191(2)/115(2)/351(3)/105 बीएनएस थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-**

दिनांक 21.05.25 को समय 07.33 बजे कमलापुर पुलिया से करीब 60 कदम कटरा की ओर

**बरामदगी का विवरण –**

दो  डंडे  जिनकी लम्बाई 3 बालिस्त 3 अंगुल गाव  से आगे म्युना जाने वाली नहर के किनारे पर झाड़ियो से बरामद

**पुलिस  पार्टी का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री दिनेश चन्द्र
2. का0 2041 सावन मलिक
3. का0 2655 राहुल कुमार
4. का0 2813 अभिषेक कुमार